तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 29 मार्च 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



ईद के पहले बाजार में सेवईं की दुकान सजने लगी।

## खबर संक्षेप

### वेंकटेश परिसर में मरीजों का निशुल्क इलाज कल

**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक स्थित वेंकटेश परिसर में रविवार 30 मार्च को मरीजों को निशुल्क परामर्श व दवा दी जाएगी। टीबी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. रामकृष्ण कश्यप एवं डॉ. राजेश शुक्ला सुबह 10 से 12:30 बजे तक मरीजों को निशुल्क परामर्श देंगे।

### ओपन विवि में आज 21 वां स्थापना दिवस

**बिलासपुर।** पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के सिरपुर प्रशासनिक भवन में शनिवार को दोपहर 12 बजे 21 वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जनक प्रसाद पाठक (भा.प्र.से.), आयुक्त उच्च-शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन व अध्यक्षता महादेव कावरे (भा.प्र.से.), कुलपति पण्डित सुन्दरलाल शर्मा विवि करेंगे।

### उत्कल से पहुंची पीएम की गाड़ी बिलासपुर स्टेशन

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 30 मार्च रविवार को आगमन से पहले शुक्रवार की दोपहर उनकी स्पेशल बुलेट प्रुफ गाड़ी के साथ चार गाड़ियां बिलासपुर स्टेशन में पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिल्हा के मोहभट्ठा में आगमन हो रहा है। पीएम मोदी के आगमन से पहले शुक्रवार की दोपहर उत्कल एक्सप्रेस के स्पेशल कोच से बुलेट प्रुफ चार गाड़ियां बिलासपुर रेलवे स्टेशन में पहुंची।

## सेंट्रल जीएसटी इंटेलिजेंस ने मारा छापा

# 4 ट्रकों में भरा 170 मीट्रिक टन लोहा जब्त, 70 लाख की लगेगी पेनाल्टी



ट्रकों को व्यापार विहार में खड़ा किया गया

ट्रकों में भरे थे टीएमटी बार (सरिया), एमएस एंगल और एमएस पाइप जैसे सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट्रल जीएसटी की क्षेत्रीय ईकाई टीम ने 4 ट्रकों में भरे लाखों रुपए के अवैध माल को जब्त किया है। इन चारों ट्रकों में करीब 170 मीट्रिक टन टीएमटी बार (सरिया), एमएस एंगल और एमएस पाइप जैसे सामान शामिल हैं। यह चारों ट्रक रायपुर से मंडला और जबलपुर जा रहे थे। इनमें से किसी भी ट्रक के पास कोई कागजात नहीं थे। यह माल फर्जी ई-वे बिल और बिना ई-वे बिल के भेजा जा रहा था। जीएसटी की टीम मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए ट्रांसपोर्टर, ट्रक मालिक और व्यापारियों को नोटिस जारी कर रही है। इसमें करीब 70 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाए जाने की बात भी कही जा रही है। हालांकि इसकी अंतिम गणना अभी नहीं हो सकी है। ध्यान रहे कि इससे पहले भी सेंट्रल जीएसटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 ट्रकों में भरे करोड़ों रुपये के अवैध माल को जब्त किया था।

अधिकारियों ने बताया कि डीजीजीआई (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस) क्षेत्रीय यूनिट बिलासपुर को सूचना मिली थी कि कई ट्रक बिना वैध कागजात के छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश की ओर जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, यह माल फर्जी ई-वे बिल और बिना ई-वे बिल के भेजा जा रहा था। क्षेत्रीय यूनिट की टीम ने कवर्धा रोड में ट्रकों की जांच करते हुए अवैध माल को पकड़ा है। जब्त किए गए माल में टीएमटी बार (सरिया), एमएस एंगल और एमएस पाइप जैसे सामान शामिल हैं। टीम ने सभी 4 ट्रकों को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। सभी चार ट्रकों को व्यापार विहार स्थित जीएसटीए भवन के सामने खड़ा किया गया है।

### मंडला और जबलपुर जा रहा था माल

जिन चार ट्रकों को माल सहित पकड़ा गया है वे अलग-अलग ट्रांसपोर्ट की है। यह सारा सामान रायपुर से मंडला और जबलपुर जा रहा था। इसमें से एक गाड़ी मां शारदा रोडवेज रायपुर की, दूसरी गाड़ी वारसी रोड लाइंस दमोह (मप्र) की, तीसरी गाड़ी न्यू निर्मल रोडवेज मंडला (मप्र) की और चौथी गाड़ी एसआर ट्रेडिंग कंपनी सागर (मप्र)की है। एक ट्रक के ड्राइवर और हेल्पर ने बताया कि चार दिन पहले गाड़ियों को पकड़ा गया है। दोनों ने स्वीकार भी किया कि किसी भी गाड़ी के पास कोई कागजात नहीं है और पहले भी इस तरह के कई ट्रकों में माल रायपुर से मध्यप्रदेश जा चुका है।

### यह है ई वे बिल

अधिकारियों के मुताबिक ई-वे बिल, जिसे इलेक्ट्रॉनिक वे बिल भी कहा जाता है, एक ऐसा दस्तावेज़ है जो 50,000 रुपए से अधिक मूल्य के माल के परिवहन के लिए आवश्यक है, चाहे वह राज्य के भीतर हो या राज्य के बाहर। ई-वे बिल की सीमा 50,000 रुपए है, जिसका अर्थ है कि ट्रांसपोर्ट किए गए सामान की वैल्यू एक ही इनवॉइस के भीतर 50,000 रुपए से अधिक होने पर ई-वे बिल जनरेट किया जाना चाहिए। ई-वे बिल को पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बनाया जा सकता है। इसका उद्देश्य टैक्स की चोरी को रोकना और टैक्स प्रणाली में पारदर्शिता लाना है। इस ई-वे बिल में माल का विवरण, परिवहन विवरण, और आपूर्तिकर्ता, प्राप्तकर्ता और परिवहनकर्ता के जीएसटीआईएन सहित महत्वपूर्ण जानकारी शामिल होती है। इसकी वैधता यात्रा की गई दूरी पर निर्भर करती है।

# जर्जर पुल पर मौत बनकर दौड़ रहे भारी वाहन, हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/जरहागांव

- स्वत: संज्ञान में जनहित याचिका पर शासन से मांगा जवाब
- मनियारी नदी पर बने जर्जर पुल से लोगों को हो रही परेशानी

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मनियारी नदी के बने जर्जर पुल से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए स्वतः संज्ञान में जनहित याचिका के रूप में स्वीकार याचिका पर सुनवाई की है। हरिभूमि ने इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसमें बताया गया था कि जर्जर पुल पर मौत बनकर भारी वाहन दौड़ रहे दौड़ रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल की युगलपीठ में हुई इस इस मामले की सुनवाई में महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत को इसे गंभीर से लेने कहा गया है। वहीं इस पूरे मामले में लोक निर्माण विभाग के सचिव को व्यक्तिगत हलफनामा पेश करने कहा गया है। अगली सुनवाई 15 अप्रैल 2025 को तय की गई है।

ध्यान रहे कि इस खबर में बताया गया है कि मुंगेली से बिलासपुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर मनियारी नदी है, जहां पुल जर्जर स्थिति में है। पुल से गुजरने वाली सड़क को पार करना बिल्कुल खतरे से खाली नहीं है। इस मनियारी नदी के दोनों तरफ की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। वहीं बरेला मनियारी के पास जानलेवा गड्ढे, उड़ती धूल, संकीर्ण पुल, टेप नल से पानी बहने और भारी वाहनों के आवागमन के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इसका नतीजा यह है कि राहगीर लगातार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।



उडती धूल व अव्यवस्था की वजह से आए दिन हो रहे गंभीर हादसे

जर्जर पुल पर मौत बनकर दौड़ रहे भारी वाहन

मनियारी नदी के दोनों तरफ की सड़क गड्ढे में तब्दील

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### आए दिन कोई न कोई दुर्घटना

इस पुल से हाइवा, ट्रेलर सहित अन्य भारी वाहन बरेला पुल से होकर गुजरते हैं जिनके कारण आए दिन कोई न कोई दुर्घटना हो जाती है। इसके साथ ही बरेला से तखतपुर के लिए संकीर्ण मनियारी पुल से पानी की पाइपलाइन गुजरती है। आए दिन पाइप फूटने की वजह से पुल के ऊपर तालाब की तरह पानी भर जाता है, जिससे लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए हाइकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में स्वीकार किया है और राज्य सरकार के लोक निर्माण विभाग के सचिव से शपथपत्र में जवाब मांगा है।




### हरकत में आया प्रशासन गड्ढे भरकर की खानापूर्ति

मामला हाईकोर्ट के संज्ञान में आने के बाद प्रशासन हरकत में आया और पुल के दोनों तरफ गड्ढे को गिट्टी राखड़ से भरकर खानापूर्ति की गई। पुल पर बने जानलेवा गड्ढों को नहीं भरा गया है। सीएमओ अमरेश सिंह ने तत्काल पानी सप्लाई विभाग के कर्मचारी को फटकार लगाकर पानी सप्लाई पाइप को ठीक कराया तथा सही जानकारी रखने की चेतावनी भी दी। खबर में बताया गया था कि मनियारी नदी के दोनों तरफ की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। मुंगेली से बिलासपुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर मनियारी नदी है, जहां से सड़क पार करना खतरे से खाली नहीं है। वहीं बरेला मनियारी के पास जानलेवा गड्ढे, उड़ती धूल, संकीर्ण पुल, टेप नल से पानी बहने और भारी वाहनों के आवागमन के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। लिहाजा राहगीर लगातार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।




|| श्री गणेशाय नमः ||
|| श्री गणेशाय नमः ||
आप सभी को हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
भव्य शुभारंभ
मारुती डेंटल केयर
मुख्य-अतिथि
मान .अरुण साव जी
(उप-मुख्यमंत्री छ.ग. शासन)
अति विशिष्ट-अतिथि
मान.अमर अग्रवाल जी
( विधायक बिलासपुर विधानसभा )
अति विशिष्ट-अतिथि
मान.सुशांत शुक्ला जी
( विधायक बेलतरा विधानसभा )
-: दिनांक :-
30 मार्च 2025, रविवार
समय - शाम 7 बजे से........
निरंतर 12 वर्षो से
आपकी सेवा में
केयर
MARUTI DENTAL CARE & IMPLANT CENTER
A Better Smile Is Possible
M D C
डॉ.भुपेंद्र साहू
( दंत एवं मुख रोग विषेशज्ञ )
:- पता -:
साइंस कॉलेज के पास अशोक विहार फेज २, सरकंडा बिलासपुर(छ.ग.)
हमारी शाखा - नगर पंचायत के पास पथरिया, जिला - मुंगेली (छ.ग.)
MARUTI DENTAL CARE & IMPLANT CENTER
A Better Smile Is Possible
M D C

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 29 मार्च 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




शोध

## सीयू में दस दिवसीय शोध प्रविधि पर कार्यशाला का समापन



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में दस दिवसीय शोध प्रविधि कार्यशाला का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी कुलपति अमित सक्सेना, कुलसचिव प्रो. एएस रणदिवे, सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. आरके प्रधान, कार्यशाला के पाठ्यक्रम सह-निदेशक एवं अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरके नागवंशी तथा कार्यशाला के पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. टीआर रात्रे उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम में कुलपति प्रो. अमित कुमार सक्सेना ने कुलपति आलोक चक्रवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिन्होंने विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए पूरी टीम की प्रशंसा की और प्रतिभागियों को उनके शैक्षणिक और अनुसंधान कार्य में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यशाला के माध्यम से जो नवीन शोध प्रविधियों का अध्ययन किया गया है, उनका प्रयोग सामाजिक एवं आर्थिक शोध के विषयों में किया जाएगा।

सेमिनार

## विश्वसनीयता और पारदर्शिता बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका



**बिलासपुर।** सीकासा शाखा द्वारा आयोजित बैंक ऑडिट पर सेमिनार में महत्वपूर्ण विषय पर गहन जानकारी दी गई। प्रमुख वक्ता सीए यश वर्मा और सीए कमल बजाज ने उपस्थित सभी सीए विद्यार्थियों को बैंक ऑडिट की प्रक्रियाओं, नियमों और उनके महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। सीए यश वर्मा ने बैंक ऑडिट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल वित्तीय रिपोर्टिंग का हिस्सा नहीं, बल्कि बैंकों की विश्वसनीयता और पारदर्शिता बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं, सीए कमल बजाज ने बैंक ऑडिट में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा की और बताया कि इसे समझने के लिए गहन अध्ययन और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। सीकासा बिलासपुर शाखा की अध्यक्ष सीए मिली डे ने भी इस सेमिनार की सराहना करते हुए कहा कि सीकासा हमेशा अपने सदस्यों को नवीनतम जानकारी और कौशल प्रदान करने के लिए समर्पित है।

आयोजन

## एवीएम सैनिक स्कूल में अभिभावकों शिक्षकों के लिए कार्यशाला

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में दो दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शिक्षकों को विशेष तौर पर ट्रेनिंग देने के लिए विशेषज्ञों को बुलाया गया है। यह ट्रेनिंग सामान्य ट्रेनिंग से बिल्कुल अलग है जो



कि विद्यालय मे पढ़ने वाले विशिष्ट छात्रों को समझने और समझाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन किया गया है। ये बच्चे मानसिक, शारीरिक, सामाजिक या भावनात्मक रूप से विशिष्ट हो सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी क्षमता की उच्चतम सीमा तक पहुँचने के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है।एम्पॉवर कंसल्टेंसी एंड सेंटर फॉर स्पेशल एजुकेशन की निदेशक व स्पीकमैके की राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य ममता बालासुब्रमण्यम जामनगर से शिक्षण और शिक्षक विकास मे माहिर 25 वर्षों से अधिक अनुभवी शिवानी आचार्य इस कार्यशाला के हमारे मुख्य प्रशिक्षक व परामर्शदाता हैं। यह कार्यशाला दो चरणों मे विभाजित 29 मार्च व 30 मार्च को निर्धारित है।

कार्यक्रम

## माहेश्वरी महिला मंडल ने की गणगौर पूजा




**बिलासपुर।** माहेश्वरी महिला मंडल की सखियों ने गणगौर पूजा उत्साह से की। सभी महिलाएं लाल परिधान में सजी थीं। इस पूजा का खास तौर पर राजस्थान में विशेष महत्व है। इस व्रत पूजा को कुंवारी कन्याएं अच्छे घर वर के लिए करती है। इसमें शंकर पार्वती की पूजा की जाती है। इसकी शुरूआत होली के दूसरे दिन से होती तथा नवरात्रि के तृतीया को समापन होता है। शादी के बाद पहली गणगौर मायके में होती है। इसमें 16 चीजें चढ़ायी जाती है, उद्यापन भी करते हैं। 16 सुहागिन को भोजन करके सुहाग सामग्री दी जाती है तथा शाम को विसर्जन किया जाता। गणगौर के गीत गाकर महिलाओं ने नृत्य किया। इस अवसर पर अध्यक्ष विनीता माहेश्वरी, सुधा, सरोज, किरण, सरिता, पूजा, पुष्पा, श्वेता, आरती, ममता, शीला सहित समाज की सभी सखियां उपस्थित थीं।

# अप्रैल से जुलाई तक लगातार होंगी 14 परीक्षाएं रिवीजन करने लेखन शैली, मॉक टेस्ट पर जोर

**बिलासपुर।** शहर स्थित विभिन्न संस्थाओं द्वारा परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है, इसमें लेखनशैली, वाक्य और शब्दों का सही प्रयोग, शॉर्ट नोट्स, कठिन प्रश्नों को लंबे समय तक याद रखने की टेक्निक और क्लास टेस्ट से रीविजन कराया जा रहा है। संस्थान प्रबंधकों ने बताया कि सभी परीक्षा में तैयारी सही रूपरेखा के साथ की जाए तो सफलता निश्चित मिलती है। तैयारी के दौरान अभ्यर्थी का दृढ़ निश्चय और सीखने का जुनून उन्हें सफल बनाता है। परीक्षा की तैयारी शुरू करने से पहले सिलेबस को समझें और पिछले कुछ वर्षों के प्रश्नपत्रों से तैयारी करें, ऐसा करने से प्रतिभागियों की आधी समस्या दूर हो जाती है और वे बेहतर ढंग से तैयारी पूर्ण कर सकते हैं।

सरकारी नौकरी और मनपसंद कॉलेज में दाखिले के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जरूरी है। इन दिनों सभी क्षेत्र में प्रतियोगिता बढ़ गई है, इसके चलते प्रतिभागी दूसरों से कुछ बेहतर करने की योजना बनाते हैं। अप्रैल-जुलाई माह में अनेक प्रतियोगी परीक्षाएं होनी तय हैं, जिसमें अच्छे अंक से ही प्रतिभागी अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रख सकते हैं। इन दिनों एसएससी, यूजीसी नेट, जेईई मेन, सीजी पीएससी जैसे अनेक विभागों में दाखिले की तैयारी जारी है, जिसमें प्रतिभागी अपनी कड़ी मेहनत से सफलता हासिल करेंगे।

### एसएससी, यूजीसी नेट, जेईई मेन, सीजी पीएससी की तैयारी



### इन तारीखों में ये होंगी परीक्षाएं

**एसएससी सीजीएल**
परीक्षा तिथि-जून-जुलाई
अधिसूचना - 22 अप्रैल को जारी की जाएगी।
आवेदन तिथि- 22 अप्रैल से 21 मई तक

**सलेक्शन पोस्ट एग्जामिनेशन फेज XIII**
परीक्षा तिथि- जून-जुलाई
आवेदन तिथि-16 अप्रैल से 15 मई तक

**जेएसए,एलडीसी, एसएसए, यूडीसी और एएसओ ग्रेड लिमिटेड विभागीय प्रतियोगी परीक्षा**
परीक्षा तिथि- अप्रैल-मई
परीक्षा का प्रकार- पेपर- I (सीबीई)

**एनयूसीईटी परीक्षा :** परीक्षा तिथि-अप्रैल और जून
आवेदन की अंतिम तिथि- 8 अप्रैल
परीक्षा का आयोजन-12-14 अप्रैल तक

**जेईई परीक्षा सत्र 2 :** परीक्षा तिथि-2-8 अप्रैल को पेपर-1 (बीई/बीटेक) और पेपर-2, 9 अप्रैल
**यूजीसी नेट :** परीक्षा तिथि- जून माह के दूसरे सप्ताह में संभावित

**सीजी पीईटी परीक्षा :** परीक्षा तिथि- 8 मई
**भारतीय सेना में अग्निवीर परीक्षा**
परीक्षा तिथि- 22 अप्रैल से





### पाठ्यक्रम समझना जरूरी

यूजीसी नेट की तैयारी के दौरान अभ्यर्थी अपने यूजी और पीजी के पाठ्यक्रम की तैयारी पहले करें, प्रश्नपत्र दो भागों में विभाजित किया जाता है। पेपर-1 में सामान्य ज्ञान और कॉलेज के पाठ्यक्रम के अनुकूल प्रश्न पूछे जाएंगे, वहीं पेपर-2 में निर्धारित विषय के प्रश्न होते हैं। विद्यार्थी केवल पाठ्यक्रम की अच्छी तैयारी करें और पिछले साल के प्रश्नपत्र को हल कर अभ्यास करें।

### एनसीईआरटी की किताबों से जेईई मेन की तैयारी

पिछले कुछ सालों के पेपर में सबसे ज्यादा प्रश्न एनसीईआरटी की किताबों से ही पूछे गए हैं। जेईई मेन्स के अध्ययन के दौरान कैमिस्ट्री विषय की तैयारी एनसीईआरटी की टेक्स्ट बुक्स व अन्य स्टडी मटेरियल से करना सही रहेगा, कठिन विषयों के प्रश्नों को लगातार हल करके देखें। फिजिक्स विषय की तैयारी के दौरान 12वीं की किताबों की मदद ले सकते हैं, परीक्षा में प्रश्न स्कूल के सिलेबस के आधार पर ही तय किए जाते हैं। कैमिस्ट्री विषय में बॉयोमोलीक्यूल, कैमिस्ट्री इन एवरीडे लाइफ, पॉलीमर, सरफेस कैमिस्ट्री, एनवायरमेंटल कैमिस्ट्री, सॉलिड स्टेट, मेटलर्जी व कॉर्डिनेशन कैमिस्ट्री टॉपिक्स महत्वपूर्ण हैं।




### महत्वपूर्ण अध्याय को समझें

एडीओ, एडीआई और पटवारी परीक्षा की तैयारी नियमित रूप से संचालित की जा रही है। पाठ्यक्रम में प्रत्येक अध्याय से निश्चित अंक निर्धारित किए गए हैं, जिससे पढ़ाई सरल हो जाती है। सामान्य ज्ञान के प्रश्नों के लिए भी निश्चित प्रतिशत तय है, इसलिए अधिक समय महत्वपूर्ण अध्याय में लगाएं।

## उत्पादन ही पर्याप्त नहीं, ट्रांसपोर्टेशन प्रोडक्ट की गुणवत्ता में सुधार जरूरी

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण तकनीक विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से आयोजित किया गया है।



दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

सम्मेलन का उद्घाटन कुलपति एडीएन बाजपेयी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान ई-सुविनियर पुस्तक का भव्य विमोचन किया गया। इस पुस्तक में जनजातीय समुदायों के पारंपरिक खाद्य ज्ञान और आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों के समन्वय से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को संकलित किया गया है। इस अवसर पर सभी अतिथियों और प्रतिभागियों ने पुस्तक का विमोचन कर इसे जनजातीय खाद्य प्रणालियों के संरक्षण एवं विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में कुलपति ने कहा कि सबसे पहले, जब हम भारत की कृषि उन्नति की बात करते हैं, तो हमें डॉ. एमएस स्वामीनाथन का नाम याद आता है। उन्होंने हरित क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इस क्रांति से भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बना। परंतु इस क्रांति में जब रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अधिक प्रयोग शुरू हुआ तो इसके कुछ दुष्परिणाम भी सामने आए। भूमि की उर्वरता, जलवायु और मानव स्वास्थ्य पर भी इसका असर पड़ा,इन्होंने कहा की केवल उत्पादन करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि ट्रांसपोर्टेशन, प्रोडक्ट की गुणवत्ता में सुधार, और आर्थिक स्थिति सुधारना भी अत्यंत आवश्यक है। यदि उत्पाद किसानों से सीधे बाजार तक समय पर पहुँच जाएँ तो किसानों की आय में निश्चित ही वृद्धि होगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुरेंद्र एस, सचिव जनरल, सेंटर फॉर क्वालिटी एंड फूड सेफ्टी, नई दिल्ली, उपस्थित रहे,विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरव मिश्रा, प्रबंधक खरीद, एसडी और एफपीएल, रायपुर, छत्तीसगढ़ तथा डॉ. सुनीता रेड्डी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से भी उपस्थित हुए। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक इंजीनियर यशवंत कुमार पटेल, अध्यक्ष, खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी विभाग, आयोजन सचिव डॉ. सुमित्रा तिवारी, सहायक प्रोफेसर, खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी विभाग हैं।

### जनजातीय भोजन हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा

डॉ. रेड्डी जी ने हमे इस बात से अवगत कराया कि आंध्रप्रदेश भारत के प्रमुख टमाटर उत्पादक राज्यों में से एक है। यहाँ के किसान बड़ी मात्रा में टमाटर उगाते हैं, लेकिन कभी-कभी बाजार में उचित मूल्य न मिलने के कारण उन्हें टमाटर मात्र 1-2 रुपये प्रति किलो में बेचना पड़ता है या मजबूरी में पशु चारे के रूप में देना पड़ता है। इसका मुख्य कारण है कि किसानों के पास पर्याप्त भंडारण और प्रसंस्करण सुविधाओं का अभाव है। यदि टमाटर को सॉस, प्यूरी या पेस्ट में बदला जाए या उचित भंडारण किया जाए, तो किसानों को उचित मूल्य मिल सकता है और उनकी आय में वृद्धि हो सकती है। डॉ. सुरेंद्र ने हमे जनजातीय खाद्य संस्कृति से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें साझा की। दरअसल, जनजातीय भोजन हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। यह केवल भोजन नहीं है, बल्कि यह उनके जीवन, परंपरा और प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली को दर्शाता है। सदियों से जनजातियाँ जंगलों, पहाड़ों और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रही हैं। वे जो खाते हैं, वही उनकी औषधि भी होती है। परंतु जब अंग्रेज भारत आए तो उन्होंने जनजातीय भोजन को अलग नजरिए से देखा।

## शनि अमावस्या आज, मेष पर साढ़े साती, धनु व सिंह पर ढैय्या होगा प्रारंभ

**बिलासपुर।** शनिवार, 29 मार्च को चैत्र मास की अमावस्या है। इस दिन सूर्य ग्रहण होगा और शनि का राशि परिवर्तन भी होगा। 29 तारीख को शनि मीन राशि में प्रवेश करेगा, इस कारण मीन राशि में एक साथ छह ग्रह हो जाएंगे। इसके चलते मीन राशि मे छह ग्रहों का षटग्रही योग बनेगा। करीब 30 साल बाद मीन राशि में प्रवेश करेंगे। एक राशि में एक साथ छह ग्रह के योग को



षष्टग्रही योग कहा जाता है। ज्योतिष के नजरिए से ये एक दुर्लभ घटना है, जब एक साथ एक राशि में छह ग्रह आए जाएंगे। 29 मार्च को मीन राशि में सूर्य, बुध, शुक्र, राहु, चंद्र और शनि रहेंगे। सिर्फ केतु, मंगल और गुरु ग्रह अन्य राशियों में रहेंगे। जब किसी एक राशि में 5-6 ग्रह हो तो इस स्थिति को अशुभ माना जाता है। इसलिए कुंडली में ग्रहों के अशुभ असरों को कम करने के लिए सभी नौ ग्रहों की विशेष पूजा करनी चाहिए और नौ ग्रहों से संबंधित चीजों का दान करना चाहिए। नौ ग्रह की पूजा में ग्रहों के मंत्रों का जप करना चाहिए। मंत्र जप कम से कम 108 बार करेंगे तो बहुत शुभ रहेगा। मंत्र जप की संख्या का ध्यान रखने के लिए रुद्राक्ष की माला का इस्तेमाल करें। शनि का गोचर देश-दुनिया के साथ सभी 12 राशियों को प्रभावित करेगा। शनि कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में जाएंगे और करीब ढाई साल तक इसी राशि में रहेंगे। शनि के मीन राशि में आने से कुछ राशियों पर शनि की साढ़ेसाती शुरू होगी और कुछ राशियों पर समाप्त होगी। इसी तरह से शनि गोचर से कुछ राशियों पर शनि ढैय्या प्रारंभ होगी और कुछ राशियों पर समाप्त होगी।

**इन राशियों पर शुरू होगी शनि ढैय्या :** भैरव पीठ के महंत पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया की शनि के मीन राशि में जाते ही कर्क, वृश्चिक व मकर राशि वालों को शनि से मुक्ति मिल जाएगी और सिंह व धनु राशि पर शनि ढैय्या आरंभ होगी। शनि के मीन राशि परिवर्तन करते ही मकर राशि वालों को शनि की साढ़ेसाती से छुटकारा मिल जाएगा और मेष राशि पर प्रारंभ हो जाएगी।

## राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने जीत से की शुरूआत




स्पोर्ट्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

34 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की बालक व बालिका टीम ने धमाकेदार जीत के साथ लीग मैच आगाज किया है, इस संबंध मे जानकारी देते हुवे छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ महासचिव प्रदीप यादव ने बताया की बिहार के गया जिले की मेजबानी में आयोजित प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ की सब जूनियर बालक व बालिका टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता लीग कम नाक आउट नियम से खेला जा रहा है,छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने अपने पूल के पहले मैच में विदर्भ को एकतरफा मुकाबले मे 65-7 के मुकाबले में 58 अंको से हराया। वही बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ ने ओड़िसा को 60-22 के मुकाबले 48 अंको से हराकर जीत के साथ प्री क्वाटर फाइनल मे पहुंचने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ की दोनों टीम काफ़ी संतुलित है और इस बार मैडल के प्रबल दावेदार है विगत वर्षो मे बालक टीम छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर मैडल दिलाया और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है और इस बार भी मैडल की उम्मीद है। बालिका टीम के कोच कौशल कश्यप और मैनेजर सरिता सिदार है। टीम के अच्छे प्रदर्शन करने के लिए कबड्डी संघ अध्यक्ष शशि बघेल, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ महासचिव प्रदीप यादव, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, प्रमोद चौधरी, निरंजन सिन्हा, कोमल मरावी ने शुभकामनायें दी है।

## एलसीआईटी की रूपाली ने किक बॉक्सिंग में जीता ब्रॉन्ज

लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बोदरी के किक बॉक्सिंग महिला खिलाड़ियों रुपाली साहू ने आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर एलसीआईटी इंजीनिरिंग कालेज का नाम रोशन किया है। इस संबंध मे जानकारी देते हुवे क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा इंटर जोन किक बॉक्सिंग महिला व पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय साइंस महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित किया गया था। जिसमे विश्वविद्यालय की टीम चयन ट्रायल रखा गया था इसमें छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाले चारों जोन बिलासपुर जोन, बस्तर जोन, दुर्ग जोन व रायपुर जोन के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी की महिला किक बॉक्सिंग खिलाड़ी -55 किलोग्राम में रुपाली साहू ने अपने अपने वजन वर्ग में गोल्ड मैडल जीतकर आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए टीम में चयनित हुई। मेरठ की मेजाबनी मे आयोजित आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता मे ब्रॉन्ज मैडल जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इनके मैडल जितने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला आदि ने बधाई दी है।



## रेल क्लब न्यू ऑडिटोरियम में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता आज

छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन, बिलासपुर जिला बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ बिलासपुर मंडल और नार्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट बिलासपुर संयुक्त रूप से बिलासपुर में 15 वीं पुरुष,जूनियर, मास्टर एवं दिव्यांग नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन कर रहे है। यह आयोजन 29 और 30 मार्च को रेल क्लब न्यू ऑडिटोरियम तितली चौक बिलासपुर में आयोजित किया गया है। यह जानकारी शुक्रवार को इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के अध्यक्ष स्वामी रमेश और महासचिव चेतन पठारे ने बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों



के समक्ष दी। अध्यक्ष स्वामी रमेश ने बताया कि इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन के लिए समस्त सुविधाएं और प्रशिक्षण का प्रबंध किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा स्पर्धा के नियमों के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाता है। बॉडी बिल्डर्स के खानपान और उनके वजन का समुचित और संतुलित ध्यान रखा जाता है। इसके लिए सभी उपयोगी साधन भी नियमित तौर पर उपलब्ध कराये जाते हैं, ताकि वे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में देश का नाम रोशन कर सकें। महासचिव चेतन पठारे ने बॉडी बिल्डर्स के केरियर संबंधी सवाल के जवाब में कहा कि इस क्षेत्र में नये आने वाले बॉडी बिल्डर्स का भविष्य उज्जवल है। अन्य क्षेत्रों की तरह इसमें भी इनका रोजगारमूलक केरियर आसानी से निर्मित हो सकता है। वे शासकीय सेवाओं के अलावा निजी उद्यम, फिल्म जगत, फैशन, लाइफ स्टाइल इंडस्ट्री आदि में भी अपना केरियर बना सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल जैसे खेलों की तरह बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में भी आज के नौजवान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाकर ख्याति अर्जित कर सकते हैं। बिलासपुर जिला बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन के संरक्षक रविंद्र सिंह ठाकुर ने प्रारंभ में फेडरेशन के पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### कोयला मंत्री ने 2 एसईसीएल कर्मियों को किया सम्मानित



**बिलासपुर।** भारत का कुल कोयला उत्पादन 1 बिलियन टन पहुंचने की उपलब्धि में विशेष योगदान के लिए के केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी एवं केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा 2 एसईसीएल कर्मियों को सम्मानित किया गया है। 27 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित 12वें दौर की वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी कार्यक्रम के दौरान भारत के 1 बिलियन टन कोयला उत्पादन की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनियों के विभिन्न कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारी श्रेणी में हसदेव क्षेत्र के बिजुरी उपक्षेत्र में उपक्षेत्रीय प्रबंधक के रूप में कार्यरत प्रशांत शर्मा (महाप्रबंधक, खनन) को बहेराबांध एवं बिजुरी भूमिगत खदानों के कुशल कार्यसंचालन एवं समय से पूर्व लक्ष्य प्राप्ति के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, कर्मचारी श्रेणी में भटगांव क्षेत्र की जगन्नाथपुर ओपनकास्ट खदान में कार्यरत वरिष्ठ ओवरमैन राजेश कुमार पाटिल को खदान के ओवरबर्डन (ओबी) लक्ष्य की प्राप्ति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हरीश दुहन ने दोनों कर्मियों को बधाई देते हुए उनकी लगन, समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना की और इसे पूरे एसईसीएल परिवार के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने सभी कर्मियों को इसी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### राज्यपाल से मिले ओपन यूनिवर्सिटी के प्रभारी कुलपति कावरे



**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति आईएएस महादेव कावरे ने छत्तीसगढ़ के कुलाधिपति राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यूनिवर्सिटी के विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना था। ओपन यूनिवर्सिटी के प्रभारी कुलपति संभागायुक्त महादेव कावरे ने राज्यपाल रमेन डेका को यूनिवर्सिटी की वर्तमान गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। इसके साथ ही शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, नए पाठयक्रमों की शुरुआत और बुनियादी ढांचे के विस्तार पर भी विचार-विमर्श किया। राज्यपाल रमेन डेका ने यूनिवर्सिटी के प्रयासों की सराहना करते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इसके योगदान की प्रशंसा की। राज्यपाल ने ए प्लस ग्रेड प्राप्त ओपन यूनिवर्सिटी के कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यूनिवर्सिटी की भूमिका को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले अति पिछड़े समुदायों को शिक्षा का अवसर प्रदान करना सामाजिक सरोकार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कुलपति महादेव कावरे ने राज्यपाल के समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया और यूनिवर्सिटी को शैक्षणिक उत्कृष्टता की नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने के अपने संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी अपने ध्येय वाक्य उच्च शिक्षा आपके द्वार के अनुरूप अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस बैठक से यह स्पष्ट होता है कि पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी राज्यपाल के सहयोग से शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।

### रेलवे के 30 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत उपमुख्य परिचालन प्रबंधक गतिशक्ति यूनिट सहित 30 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त पर विदाई दी गई। इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी रूहीना तुफैल खान ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी व कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज, सेवा प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया गया। इसमें आठ परिचालन विभाग से, 6 इंजीनियरिंग विभाग से, 5 विद्युत विभाग से, दो यांत्रिक विभाग से, दो मेडिकल विभाग से, दो कार्मिक विभाग से, दो सिग्नल एवं दूरसंचार से, दो वाणिज्य विभाग से तथा एक कर्मचारी सुरक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं।

### नवरात्रि बीज मंत्र दुर्गा सप्तशती साधना अनुष्ठान 30 से

**बिलासपुर।** नवरात्री बीज मंत्र दुर्गा सप्तशती के अवसर पर सरजू बगीचा स्थित अनुष्ठान मेडिटेशन हाल में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक साधना अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पूर्णतः निशुल्क है। साधना प्रतिदिन शाम 4.45 से 6.10 बजे तक होगा। बिलासपुर में पिछले 13 वर्षों से दुर्गा सप्तशती बीज मंत्र साधना का आयोजन किया जा रहा है। मालूम हो कि बीजमंत्रों से पूरे 13 अध्याय करने में 1 घंटे का समय लगता है, जबकि मूल मंत्र से 13 अध्याय करने में 4 घंटे का समय लग जाता है। इस साधना को करने से ऋषि मुनि सिद्ध और संतों की कृपा हम पर होती है।

### अघोर पीठ आश्रम बांसाझाल में चैत्र नवरात्रि 30 से

**बिलासपुर।** अघोरपीठ आश्रम बांसाझाल चपोरा में चैत्र नवरात्रि पर्व रविवार 30 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। इस दिन अभिजीत मुहूर्त 11.52 से 12.24 तक अघोर ज्योति कलश व घट स्थापना की जाएगी। शनिवार 5 अप्रैल को रात्रि में महानिशा पूजन रविवार 6 अप्रैल को कन्या पूजन एवं भोज सोमवार 7 अप्रैल को सुबह कलश विसर्जन किया जाएगा। नवरात्रि में प्रतिदिन सुबह शाम आरती पूजन एवं भजन कीर्तन होगा।

---

**नगर निगम** — निगम ने बेची थी नूतन चौक, रिकांडो बस्ती, व्यापार विहार व यदुनंदन नगर स्थित दुकान

# दुकान व प्लाट आबंटन में फंसे 24 करोड़, खरीददारों को थमाया नोटिस

**बिलासपुर।** नगर निगम द्वारा अपनी आय बढ़ाने के लिए जगह-जगह दुकान बनाकर या प्लाटों की बिक्री की गई है, लेकिन दुकान आबंटन के बाद खरीददारों ने समय पर पैसा जमा नहीं किया है। शहर के व्यापार विहार, यदुनंदनगर, नूतन चौक, रिकांडो बस्ती स्थित दुकान, प्लाट बिक्री का लगभग 24 करोड़ रुपए फंसा हुआ और अभी तक खरीददारों ने पैसा जमा नहीं कराया है। नगर निगम द्वारा उन सभी खरीददारों को पैसा जमा करने नोटिस जारी किया गया है।

नगर निगम द्वारा अपनी आय बढ़ाने के लिए जगह-जगह दुकान बनाकर बेचा जाता है। इसके अलावा निगम के पिछले कार्यकाल में निगम की शासकीय जमीनों को भी नीलामी के माध्यम से बेचा गया है, लेकिन आय बढ़ाने के जिस उद्देश्य के पूर्ति के लिए दुकान, प्लाटों को बेचा जाता है, वह उतना सफल नहीं हो पाता और प्लाट एवं दुकान खरीददार आबंटन के बाद पैसा समय पर जमा करने में कतराते हैं। निगम में पिछले कार्यकाल के दौरान जिन जगहों के दुकानों, प्लाटों को बेचा गया था, उनमें से बहुत का पैसा अभी तक निगम के पास नहीं आया है।

ननि उन दुकानों प्लाटों का पैसा जमा कराने खरीददारों को नोटिस पर नोटिस जारी कर रहा है। इस बार फिर से सभी को नोटिस जारी किया गया और दुकान, प्लाट आबंटन का पैसा जमा करने नहीं तो कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। निगम का दुकान आबंटन का लगभग 24 करोड़ रुपए फंसा हुआ है। इनमें व्यापार विहार के दुकानों के प्लाट, यदुनंदनगर, नूतन कालोनी, रिकांडो बस्ती की दुकानें शामिल है।

### प्रशासक 6 प्लाटों का आबंटन किए थे निरस्त

ननि में पिछले कांग्रेस मेयर के कार्यकाल में जमीनों को बेचे जाने का मामला उठता रहा है। ऐसे ही एक मामले में नियम विरूद्ध आबंटन पाए जाने पर नगर निगम के प्रशासक के तौर पर कलेक्टर अवनीश शरण ने व्यापार विहार स्थित 6 प्लाटों का आबंटन निरस्त किया था। नगर निगम चुनाव के पहले प्रशासक कलेक्टर बैठने के बाद निगम के शासकीय जमीनों को बेचे जाने की कुछ फाइलें खुली। इसके जांच में व्यापार विहार स्थित 6 शासकीय प्लाटों का आबंटन निजी लोगों को गलत तरीके से किए जाना पाया गया। इसमें भू-खण्ड क्रमांक बी/107, 50 बाई 80 वर्गफूट, बी/108, 50 बाई 80 वर्गफूट सहित अन्य प्लाटों का आबंटन किया गया था।

### शासकीय जमीनों को बेचने जमकर चला खेल

नगर निगम में पिछले पांच साल दौरान निगम के शासकीय जमीनों को बेचने, नीलाम करने का जमकर खेल चला। व्यापार विहार स्थित कई व्यवसायिक प्लाटों को बेच दिया गया है। इसी तरह राजकिशोरनगर स्थित प्लाट बेचे गए हैं। सरकंडा स्थित नूतन चौक के मुख्य मार्ग से लगी बेशकीमती जमीन को दुकान बनाकर बेच दिया गया था, जिसका काफी विरोध भी हुआ था। इस तरह निगम में कांग्रेस की सत्ता के दौरान शासकीय संपत्तियों को बेचने, बंदरबांट का आरोप लगता रहा है।

### कहां-कहां की कितने दुकानें व राशि

रिकांडो बस्ती में नगर निगम द्वारा दुकानों का निर्माण कराकर बिक्री की गई है। इसमें लगभग 24 दुकानों के आबंटन का 8 करोड़ 19 लाख 34 हजार रुपए फंसा हुआ है। इसी तरह नूतन चौक पर निगम द्वारा दुकानों का आबंटन किया गया है। यहां पर 17 दुकानों का 5 करोड़ रुपए जमा नहीं हुआ है। व्यापार विहार के व्यावसायिक प्लाटों की नीलामी नगर निगम द्वारा की गई थी, जिसमें 21 दुकानों का 4 करोड़ 64 लाख रुपए अभी तक निगम के पास नहीं आया है। यदुनंदनगर में भी नगर निगम द्वारा दुकान आबंटन किया गया है, किन्तु यहां के 24 दुकानों का 6 करोड़ 17 लाख रुपए बकाया है।

### दिया जाएगा अंतिम अवसर

नगर निगम द्वारा अलग-अलग जगहों पर दुकानों का आबंटन किया गया था। लेकिन दुकान आबंटन के बाद खरीददारों द्वारा पूरा राशि जमा नहीं कराई गई है। एमआईसी में भी ऐसे लोगों को अंतिम अवसर दिए जाने कहा गया है। इसलिए उन सभी लोगों को नोटिस जारी कर राशि जमा करने कहा गया है।

-**खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त नगर निगम

---

छत्तीसगढ़ बिजली की उपलब्धता बढ़ाने उत्पादन व संचारण परियोजनाएं की जाएंगी शुरू

# पीएम 33,700 करोड़ की विकास कार्यों का करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को बिलासपुर जिले में मोहभट्ठा के मंच से बुनियादी ढांचे के विकास और सतत आजीविका को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप बिलासपुर में 33 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री बिजली, तेल तथा गैस, रेल, सड़क, शिक्षा और आवास क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

- प्रधानमंत्री 29 जिलों में 130 पीएम श्री स्कूल करेंगे समर्पित

प्रधानमंत्री अपने बिलासपुर जिले के मोहभट्ठा आगमन, सभा दौरान कई बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। इसके अनुरूप, सस्ती और विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने और छत्तीसगढ़ को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। वे बिलासपुर जिले में स्थित एनटीपीसी की सीपत सुपर थर्मल पावर परियोजना चरण- तृतीय की आधारशिला रखेंगे। वे छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड की 15,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पहली सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना के कार्य की शुरुआत करेंगे। 560 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पावरग्रिड की तीन विद्युत पारेषण परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।



सीएस व डीजीपी ने लिया सभा स्थल का जायजा।

### सेंदरी में किया गया पौधरोपण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से जीवन संस्कार सेवा समिति द्वारा तीन दिन, तीन काम सेवा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत रक्तदान, वृक्षारोपण एवं श्रमदान जैसे जनहितकारी कार्य किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में आज हरियर जोन सेंदरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विचार से प्रेरित है, जिसमें वे कहते हैं कि धरती मां हमारी पालनकर्ता हैं और हमारी जन्म देने वाली मां हमारा आधार हैं।

### मुख्य सचिव व डीजीपी ने लिया तैयारियों का जायजा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को बिलासपुर के मोहभट्ठा में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस संबंध में शुक्रवार को प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन एवं डीजीपी अरूण देव गौतम ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपूर्ण तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़ी सभी महत्वूपर्ण व्यवस्थाओं, मुख्य मंच, हेलीपैड, ग्रीन रूम, सांस्कृतिक मंच एवं हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को पावर बैकअप की व्यवस्था करने तथा ई एण्ड एम विभाग को साउंड एवं कनेक्शन की व्यवस्था को पहले से ही चेक करने के निर्देश दिए ताकि मुख्य कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की समस्या न आए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को मंच एवं बैरिकेट्स की व्यवस्था का भी मानक के अनुसार परीक्षण करने एवं सभी आवश्यक तैयारियां करने कहा। पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम ने व्यवस्थाओं पर चर्चा की। कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा किजिला प्रशासन पूरी तन्मयता से सभी आवश्यक तैयारियों में जुटा है। इस अवसर पर एसीएस एवं कार्यक्रम के प्रभारी मनोज पिंगुआ, एडीजीपी प्रदीप गुप्ता, बिलासपुर कमिश्नर महादेव कावरे, बिलासपुर आईजी संजीव शुक्ला, एसपी रजनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## अभनपुर रायपुर रेल सेवा का शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री



**बिलासपुर।** पीएम नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए अभनपुर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग क माध्यम से अभनपुर-रायपुर रेल सेवा का शुभारंभ 15.30 बजे करेंगे। गाड़ी संख्या 08835 अभनपुर-रायपुर इनॉग्रल मेमू पैसेंजर स्पेशल आठ कोच के साथ अभनपुर से 15.30 बजे रवाना होकर केंद्री 15.38 बजे सीबीडी 15.52 बजे, मंदिर हसौद 16.10 बजे रायपुर 16.55 बजे पहुंचेगी। 31 मार्च से रायपुर-अभनपुर के मध्य सुबह एवं शाम को दो मेमो स्पेशल ट्रेनों की सुविधा यात्रियों को मिलेगी।

### गैस वितरण परियोजना की रखेंगे आधारशिला

प्रधानमंत्री श्री मोदी भारत के शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्यों, वायु प्रदूषण में कमी लाने और स्वच्छ ऊर्जा समाधान प्रदान करने के अनुरूप, प्रधानमंत्री कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर और सरगुजा जिलों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की सिटी गैस वितरण (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इसमें 200 किलोमीटर से अधिक हाई प्रेशर पाइपलाइन और 800 किलोमीटर से अधिक एमडीपीई (मीडियम डेंसिटी पॉलीइथिलीन) पाइपलाइन और 1,285 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई सीएनजी डिस्पेंसिंग आउटलेट शामिल हैं। वह हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की 540 किलोमीटर लंबी विशाख-रायपुर पाइप लाइन (वीआरपीएल) परियोजना की भी आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत 2210 करोड़ रुपये से अधिक होगी।

### सात रेल परियोजनाओं की आधारशिला

पीएम मोदी क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 108 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली सात रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इसी तरह 2,690 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 111 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली तीन रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे मंदिर हसौद के माध्यम से अभनपुर-रायपुर खंड में मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ में भारतीय रेलवे के रेल नेटवर्क के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### एनएच सड़क राष्ट्र को समर्पित

सड़क के बुनियादी ढांचे को बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री एनएच-930 (37 किलोमीटर) के झलमला से शेरपार खंड और एनएच-43 (75 किलोमीटर) के अंबिकापुर-पत्थलगांव खंड को 2 लेन में अपग्रेड करके राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री एनएच-130डी (47.5 किमी) के कोंडागांव-नारायणपुर खंड को 2 लेन में अपग्रेड करने की आधारशिला भी रखेंगे। 1,270 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली ये परियोजनाएं आदिवासी और औद्योगिक क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार लाएगी।

---

## राणा सांगा को गद्दार कहने पर फूटा आक्रोश

**बिलासपुर।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा महान देशभक्त और राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर योद्धा राणा सांगा को गद्दार कहने पर क्षत्रिय राजपूत समाज में आक्रोश फैल गया है। इस गंभीर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर समाज में तीव्र रोष उत्पन्न हो गया है। शुक्रवार को सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज ने अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया और सपा सांसद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

क्षत्रिय समाज ने ज्ञापन में कहा कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन की टिप्पणी न केवल राणा सांगा जैसे महान योद्धा का अपमान है बल्कि इससे समाज में जातीय विद्वेष फैलाने का कुत्सित प्रयास किया गया है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि वीर क्षत्रिय समाज ने देश के लिए सर्वाधिक बलिदान दिए हैं और ऐसे गौरवशाली इतिहास को अपमानित करना सामाजिक सौहार्द्र को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। समाज के पदाधिकारियों ने कहा है कि यदि सांसद के खिलाफ कठोर कार्यवाही नहीं की गई तो क्षत्रिय समाज के लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। एसपी की अनुपस्थिति में ज्ञापन सीएसपी निमितेश सिंह को सौंपा गया। प्रतिनिधियों ने सांसद के खिलाफ अपराध दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की मांग की। समाज ने यह भी कहा कि इस तरह की घृणित बयानबाजी से सामाजिक वातावरण में बिगाड़ उत्पन्न हो सकता है।



पुलिस अधिकारी को ज्ञापन सौंपते समाज के लोग।

ज्ञापन देने में बाटू सिंह, प्रियंक सिंह परिहार, चित्रसेन सिंह, विक्रम सिंह, प्रकाश सिंह, अतुल सिंह, अनिल सिंह चौहान, बसंत प्रताप सिंह, रौशन सिंह, नितेश सिंह, नीटू परिहार, बिन्दु सिंह कछवाहा, कल्याण सिंह, धीरेन्द्र सिंह, रवि शंकर सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजेश सिंह, वीपीन सिंह, सोनल सिंह, शिव सिंह, संजय सिंह, महेश सिंह, रंजीत सिंह, आशु सिंह, दीपक सिंह, आदित्य सिंह, पिंकू राणा, राजा सिंह, दिलीप सिंह, करण सिंह, गिरीश साहू, करण गोयल उपस्थित थे।

### 16 वां भोकवाधिराज अलंकरण आज

**बिलासपुर।** सोलहवां वार्षिक सद्भावना भोकवाधीराज एवं सद्भावना जोज़वानंद अलंकरण, आंचलिक हास्य कवि सम्मेलन, स्मृति सम्मान का आयोजन शनिवार को सीएमडी चौक स्थित आईएमएम हाल में किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, पूर्व महापौर रामशरण यादव व वरिष्ठ पत्रकार रुद्र अवस्थी आदि उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर साहित्य, शिक्षा, कला, संगीत, पर्यावरण, समाजसेवा सहित अन्य क्षेत्र के चयनित प्रतिभाओं को डा. पालेश्वर प्रसाद शर्मा, बसंत शर्मा, दाऊ मनहरण लाल अग्रवाल, सेठ रामेश्वर बंसल, श्रीमती गोमती मिश्रा, श्रीमती सुंदरी देवी श्रीवास्तव की स्मृति में सदभावना सम्मान अतिथियों द्वारा प्रदान किया जाएगा। साथ ही हिलेन्द्र ठाकुर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का आयोजन शाम 4 से 7 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में सद्भावना के सदस्य जुटे हुए हैं।

## 40 साल की सेवा के बाद चावला को दी गई विदाई



**बिलासपुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बलवीर सिंह चावला अपने लंबी सेवा के उपरांत मार्च 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जिसके लिए 28 मार्च को महाविद्यालय में उनके लिए सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया।

आज प्राचार्य डॉ चावला के साथ-साथ यांत्रिकी विभाग के कर्मशाला तकनीशियन सुशील कुमार एक्का एवं कार्यालय से रामशरण सिंगौर हम्माल के पद से सेवानिवृत्त हुए। डॉ चावला ने शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर के साथ साथ छत्तीसगढ़ राज्य तकनीकी विभाग के विभिन्न गरिमामयी पदों पर रहते हुए लगभग 40 वर्षों की सेवा दी है।

आज के कार्यक्रम में डॉ अवनीश उपाध्याय, डॉ सीमा चौहान, डॉ के के सक्सेना, टीपी एस अरोरा, सुधीर गुप्ता, रजनीकांत अवस्थी के साथ डॉ चावला, श्री एक्का, श्री सिंगौर के परिवार जन उपस्थित थे।

---

लखनऊ रेल मंडल के जंघई-फाफा मऊ सेक्शन में दोहरीकरण का कार्य होगा

# रूक-रूक कर चलेगी सारनाथ और नौतनवा एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर रेलवे के लखनऊ रेल मंडल के जंघई से फाफा मऊ सेक्शन में दोहरीकरण कार्य के कारण सारनाथ को नियंत्रित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार उत्तर रेलवे के लखनऊ रेल मंडल के जंघई-फाफा मऊ सेक्शन में दोहरीकरण का कार्य एवं फूलपुर स्टेशन के यार्ड को जोड़ने का कार्य करने के लिए नान इंटरलाकिंग कार्य होगा। यह कार्य 1 से 7 अप्रैल तक किया जाएगा, जिसमें कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य की वजह से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एक यात्री गाड़ी को प्रयागराज स्टेशन एवं वाराणसी सिटी स्टेशन में नियंत्रत होकर चलाया जाएगा। इसमें 1 से 4 अप्रैल तक दुर्ग से रवाना होने वाली 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को प्रयागराज स्टेशन में 60 मिनट के लिए, 5 एवं 6 अप्रैल को दुर्ग से रवाना होने वाली 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को प्रयागराज स्टेशन में 2 घंटे 30 मिनट के लिए और 6 व 7 अप्रैल को छपरा से रवाना की जाने वाली 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को वाराणसी सिटी स्टेशन में 2 घंटे 10 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा। इसी तरह गोरखपुर रेलवे स्टेशन में नान इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 12 अप्रैल से 3 मई तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन से चलने वाली चार ट्रेन भी शामिल हैं। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर पूर्व रेलवे गोरखपुर के लखनऊ रेल मंडल अंतर्गत गोरखपुर स्टेशन से गोरखपुर कैंट के बीच तीसरी लाइन को और गोरखपुर स्टेशन से लाइन को जोड़ने का कार्य करने के लिए नान इंटरलाकिंग किया जाएगा। यह कार्य 12 अप्रैल से शुरु होकर 3 मई तक चलेगा, जिसके कारण दूसरे जोन के साथ बिलासपुर जोन से चलने वाली गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।



इन ट्रेनों में 24 अप्रैल एवं 1 मई तक दुर्ग से रवाना होने वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस, 26 अप्रैल और 3 मई को नौतनवा से रवाना होने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस, 25 अप्रैल एवं 3 मई को दुर्ग से रवाना होने वाली 18201 दुर्ग-नौतनवा रद्द रहेगी।

### संबलपुर में पावर ब्लाक से ट्रेन परिचालन प्रभावित

इसी तरह संबलपुर रेल मंडल के टिटलागढ़ रेल मंडल में पावर ब्लाक के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के टिटलागढ़-लखोली एवं टिटलागढ़-संबलपुर सेक्शन में पुल पुनर्निर्माण कार्य हेतु ट्रैफिक कम पावर ब्लाक लेकर कार्य 1 अप्रैल से मई तक किया जाएगा। इस कार्य के कारण 1, 4, 8, 11 एवं 15 अप्रैल को टिटलागढ़ से चलने वाली 58213 टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंज, बिलासपुर से रवाना होने वाली 58214 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर, 2, 6, 10, 13, 19, 23, 27 अप्रैल को, 3, 6, 11, 18, 20, 25 मई को विशाखापट्टनम से चलने वाली 58528 विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर, 3, 7, 11, 14, 20, 24, 28 अप्रैल को, 4, 7, 12, 19, 21, 26 मई को रायपुर से रवाना होने वाली 58527 रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजर ट्रेन, 2, 6, 10, 13, 19, 23, 27 अप्रैल को, 3, 6, 11, 18, 20, 25 मई को रायपुर से रवाना होने वाली 58207 रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेंजर, 3, 7, 11, 14, 20, 24, 28 अप्रैल को, 4, 7, 12, 19, 21, 26 मई को जूनागढ़ रोड से चलने वाली 58208 जूनागढ़ रोड-रायपुर पैसेंजर नहीं चलेगी।

## बिजनेस प्लस

### टीवीएस आईक्यूब होगी महंगी 5 हजार कम होगी सब्सिडी

**बिलासपुर।** टीवीएस मोटर्स कंपनी के बिलासपुर में अधिकृत विक्रेता चंद्र टीवीएस के संचालक कैलाश तिवारी ने बताया कि अप्रैल से टी वी ए स इलेक्ट्रिक स्कूटर आईक्यूब महंगी हो जाएगी । केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली 10 हजार कि सब्सिडी 5 हजार हो जाएगी । उन्होंने बताया कि इसके साथ ही टीवीएस कंपनी द्वारा दी जाने वाली कैशबैक ऑफर समाप्त की जा सकती है । इस तरह न्यूनतम 5 हजार से अधिकतम 40 हजार तक की बचत हो सकती है । यह ऑफर 31 मार्च तक रजिस्टर गाड़ियों पर मान्य होगी । टीवीएस आईक्यूब देश की श्रेष्ठ फैमिली स्कूटर है । आईक्यूब 9, आईक्यूब यूजी मॉडल की काफी मांग है । संसथान में फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है ।



## खबर संक्षेप

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दो की बची जान

**बिलासपुर।** सिविल लाइन क्षेत्र के पारिजात एक्सटेंशन कॉलोनी में गुरुवार रात एक मकान में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही डायल 112 और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, इस दौरान घर की ऊपरी मंजिल में फंसे दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सिविल लाइन क्षेत्र के पारिजात एक्सटेंशन कॉलोनी निवासी हिमांशु (34) पिता अशोक कुमार गुरुवार की रात घर पर थे। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य्य सो रहे थे। तभी अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई और देखते ही देखते पूरे घर में धुआं भर गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया। इधर दरवाजे के पास लगी आग के कारण दो लोग अपनी जान बचाने घर के ऊपरी मंजिल पर चले गए थे। दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग से घर में काफी नुकसान हो चुका है।

### बस ने मारी आटो को टक्कर, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार बस ने आटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना जबरदस्त थी कि आटो पलट गया और चालक सहित आटो में बैठे एक बच्चे को चोटें आई हैं।



चालक का इलाज सिम्स में चल रहा है। इस मामले में आटो चालक की पत्नी ने कोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार इमलीभाठा जोगी आवास निवासी जागेश्वरी सारथी उम्र 27 वर्ष ने कोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें उसने बताया कि उसका पति प्रकाश सारथी आटो चालक हैं। 27 मार्च को शाम 4.30 आटो चालते हुए वह घर आ रहा था, इसी दौरान रतनपुर की ओर से आ रही बस क्रमांक सीजी 10 जी0791 के चालक ने कोनी पेट्रोल पंप के पास जोरदार ठोकर मार दी। इससे आटो पलट गया और आटो में बैठे चालक और एक बच्चे को गंभीर चोटें आई हैं। घायल चालक प्रकाश सारथी का सिम्स में इलाज चल रहा है, उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### निःशुल्क कंप्यूटर टाइपिंग प्रशिक्षण 1 से

**बिलासपुर।** अभा वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क हिंदी व अंग्रेजी कंप्यूटर टाइपिंग प्रशिक्षण एंड करियर गाइडेंस शिविर का आयोजन 1 अप्रैल से किया जा रहा है। जिसमे 16 वर्ष से अधिक छात्र-छात्राओ एवं युवक-युवतियों को कंप्यूटर टाइपिंग प्रशिक्षण हिंदी एव अंग्रेजी में दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए अनुरोध किया गया है। अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा के जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया की प्रशिक्षण सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं शाम 4 बजे से रात 8 बजे रखा गया है। उक्त प्रशिक्षण शिविर 15 दिनों का है। प्रशिक्षण शिविर ओम विद्या मंदिर स्कूल के पास करबला रोड जूना स्थित कंप्यूटर सेंटर में रखा गया है।

**बैंक ने कहा टेक्निकल प्राब्लम** — हेड आफिस से एटीएम वेंडर्स का अनुबंध खत्म होने के कारण परेशानी

# पंजाब नेशनल बैंक के 72 से अधिक एटीएम बंद, इक्का-दुक्का चालू, उसमें भी कैश नहीं

**बिलासपुर।** पंजाब नेशनल बैंक के 72 से अधिक एटीएम बंद हो गए हैं। इक्का-दुक्का चालू हैं उसमें कैश नहीं है। खास बात है कि पीएनबी के मंडल आफिस का जहां से पूरे क्षेत्र के बैंक का कारोबार होता है वह एटीएम भी बंद लेकिन अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

बैंक की ओर से इसे टेक्निकल प्राब्लम बताया जा रहा है लेकिन जानकारी के मुताबिक पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम वेंडर्स से अनुबंध खत्म हो गया है। इसलिए एटीएम में राशि नहीं डाली जा रही है। दूसरी ओर एटीएम बंद होने और कैश नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। दूसरे बैंकों के एटीएम से नकद निकालने पर उनकी जेबें कट रही हैं। गौरतलब है कि जिले में पीएनबी के 132 एटीएम हैं। इसमें से 72 एटीएम बंद हो तो 40 के करीब में कैश नहीं है। बचे हुए एटीएम में लोगों की भीड़ पहुंच रही है। दरअसल पंजाब नेशनल बैंकों के एटीएम में दो प्रकार से राशि डाली जाती है। आधे एटीएम में वेंडर्स तो आधे एटीएम में बैंक द्वारा नकदी डाली जाती है। अधिकारियों के मुताबिक जो एटीएम बैंक द्वारा संचालित होते हैं, वे चालू हैं और उनमें कैश है लेकिन पंजाब नेशनल बैंक के प्रधान कार्यालय से एटीएम वेंडर्स का अनुबंध खत्म हो गया है, जिससे पीएनबी के देशभर के एटीएम बंद हो चुके हैं।




### दूसरे बैंक के एटीएम में अतिरिक्त शुल्क

अधिकारियों का कहना है कि पीएनबी का वेंडर्स के साथ अनुबंध फिर से करने को लेकर वार्ता जारी है। अप्रैल के पहले सप्ताह तक स्थिति सामान्य हो जाएगी। हालांकि फिलहाल एटीएम बंद होने से लोग परेशान हैं और उन्हें अन्य बैंकों के एटीएम का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे कई लोगों को अतिरिक्त चार्ज देना पड़ रहा है। कुछ एटीएम में नकदी निकासी में भी दिक्कतें आ रही हैं। अधिकारी भी स्वीकार कर रहे हैं कि वर्तमान में बिलासपुर मंडल आफिस के बगल वाला एटीएम,व्यापार विहार का एटीएम सहित अन्य जगहों के एटीएम बंद है। जबकि उसलापुर, सिम्स और दयालबंद के एटीएम चालू हैं। ध्यान रहे कि इसके अलावा सदर बाजार, साईं परिसर, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बुधवारी बाजार, तोरवा, इंदु चौक, बिल्हा, बरेला में एटीएम संचालित हो रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि ग्राहकों को असुविधा से बचाने के लिए जैसे ही प्रधान कार्यालय स्तर पर निर्णय होगा, अन्य एटीएम भी सुचारू रूप से चालू कर दिए जाएंगे।

### एसबीआई की कैश डिपाजिट मशीनें खराब

पंजाब नेशनल बैंक के अलावा एसबीआई में भी परेशानी है। एसबीआई की भी कई एटीएम बंद हैं तो कैश डिपॉजिट मशीनें खराब पड़ी हैं। कहीं नकदी नहीं है तो कहीं मशीनें काम नहीं कर रही हैं। इससे ग्राहकों को शहर भर में एटीएम की तलाश में भटकना पड़ रहा है। सीडीएम मशीन खराब होने से न तो राशि जमा हो रही है और न ही बूथ से राशि हितग्राही निकाल पा रहे हैं। गौरतलब है कि शहर में ही एसबीआई के नेहरू चौक, सरकंडा, व्यापार विहार में, सत्यम चौक के पास, श्रीकांत वर्मा मांर्ग और गांधी चौक में एसबीआई की जमा मशीनें हैं।

### अप्रैल के पहले सप्ताह तक स्थिति होगी सामान्य

पंजाब नेशनल बैंक के कुछ एटीएम में टेक्निकल प्राब्लम है। इसे ठीक किया जा रहा है। पीएनबी का वेंडर्स के साथ अनुबंध फिर से करने को लेकर वार्ता जारी है। अप्रैल के पहले सप्ताह तक स्थिति सामान्य हो जाएगी।

– **महेन्द्र कुमार**, आईटी हेड, पंजाब नेशनल बैंक

गांधी चौक से प्रमुख मार्ग होते हुए निकाली रैली, नेहरू चौक पर बेरिकैड लगाकर पुलिस ने रोका

# नौकरी से निकाले गए प्रदेश के बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने शहर में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नौकरी से बाहर किए गए प्रदेशभर के लगभग 3 हजार बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर शुक्रवार को बिलासपुर पहुंचकर प्रदर्शन किया। सहायक शिक्षकों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए रैली निकालकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टोरेट की ओर कूच किया, किन्तु नेहरू चौक पर बड़ी संख्या में तैनात पुलिस बल ने उन्हें बेरिकैड लगाकर वहीं पर रोक लिया। ये प्रदर्शनकारी सहायक शिक्षक अपनी समायोजन की मांग कर रहे हैं।

■ **समायोजन की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी शिक्षक**

अपनी समायोजन की मांग को लेकर अड़े डीएड, बीएड के झगड़े में हाईकोर्ट के आदेश से शासन द्वारा नौकरी से बाहर किए बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव के बाद फिर से अपनी समायोजन की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है। प्रदेशभर के लगभग 3 हजार बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को नौकरी से बाहर किया गया है। बिलासपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के मद्देनजर अपनी मांग, आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए आज प्रदेशभर के बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक बिलासपुर पहुंचे थे। बिलासपुर में लगभग डेढ़ हजार सहायक शिक्षकों की भीड़ एकत्रित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। नौकरी से बाहर किए गए सहायक शिक्षक गांधी चौक से शाम को रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टोरेट के कूच किया किन्तु उनके कलेक्टोरेट पहुंचने से पहले ही नेहरू चौक पर बड़ी संख्या तैनात पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया। इस पर सहायक शिक्षकों ने नेहरू चौक से मेन पोस्ट आफिस तक एक तरफ के सड़क पर धरना दे दिया। दूसरी तरफ पुलिस, प्रशासन के अधिकारी उन्हें समझाइश देने का प्रयास करते रहे।



नेहरू चौक पर शुक्रवार को प्रदर्शन करते बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक।

### ये है बीएड प्रशिक्षत सहायक शिक्षकों की मांग

प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आंदोलनरत सहायक शिक्षकों ने बताया कि वे अलग-अलग जिलों से यहां एकत्रित हुए हैं, ताकि प्रधानमंत्री के आगमन पर हम शासन को आईना दिखा सकें। इन लोगों की मांग है कि अंतर्विभागीय समिति बैठक के लिए शीघ्रतम एजेंडा निर्धारित कर, लैब असिस्टेंट पद या सहायक शिक्षक के समकक्ष पदों में समायोजन के लिए 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए। अंतर्विभागीय समिति की रिपोर्ट आने के पश्चात छग सरकार 30 दिनों के भीतर समायोजन की प्रक्रिया पूर्ण किया जाए। इन लोगों का कहना है कि उनकी समायोजन की मांग जब तक पूरी नहीं होती तब तक वे आंदोलन करते रहेंगे।

### धरना फिर शुरू

इन बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों का कहना है कि बस्तर और सरगुजा संभाग के सुदूर अंचलों में डेढ़ वर्ष से अपनी सेवा दे रहे थे। उनकी भर्ती तत्कालीन राज्यपाल द्वारा अनुमोदित छग राज्य भर्ती नियम 2019 के तहत हुई थी और सभी ने व्यापमं की परीक्षा उत्तीर्ण कर मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। 3 हजार चयनित सहायक शिक्षकों में लगभग 71 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति समुदाय से आते हैं। वे अपनी समायोजन की मांग को लेकर पूर्व में सरगुजा से रायपुर तक पैदल यात्रा की थी और धरना प्रदर्शन किए थे। अब 1 मार्च से उन्होंने अपना धरना पुनः प्रारंभ कर दिया है जब तक समायोजन की मांग पूरी नहीं होती तब तक आंदोलन को जारी रखेंगे।

### 2 हजार 897 सहायक शिक्षकों के भविष्य पर संकट

वर्ष 2023 में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी विज्ञापन के तहत सहायक शिक्षक के पद पर इनका चयन हुआ था। वर्तमान में हाईकोर्ट के आदेश के परिपालन में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई है। नौकरी से बाहर किए गए बीएड प्रशिक्षित लगभग 2 हजार 897 सहायक शिक्षकों के भविष्य पर संकट उत्पन्न हो गया है। विभाग द्वारा प्रचलित कार्यवाही की ओर से मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित अंतर्विभागीय समिति को समायोजन से संबंधित अभ्यावेदन दिया जा चुका है। इसके बाद 11 मार्च को मुख्य सचिव व स्कूल शिक्षा सचिव से मुलाकात करके समायोजन के लिए अभ्यावेदन पर समिति के कार्यकाल को समय बाधित करने तथा यथाशीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने की मांग की गई थी, किन्तु अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

**अपोलो अस्पताल के पास नहीं है एम्बुलेंस**

# मरीज को 4 एम्बुलेंस बदलकर ले गए रायपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपोलो अस्पताल के पास स्वयं की एम्बुलेंस नहीं है, इमरजेंसी सर्विस के लिए ठेके पर वाहन उपलब्ध है, लेकिन कंडम हो चुकी गाड़ियों के चलते मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। गुरुवार को ब्रेन हेमरेज के मरीज को बिना लाइफ सपोर्ट के रायपुर के लिए रिफर कर दिया गया, इस दौरान 4 एम्बुलेंस बदलकर मरीज को रायपुर पहुंचाया गया, जिसके चलते मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, फिलहाल मरीज का इलाज रायपुर के रामकृष्ण अस्पताल में किया जा रहा है।

संजय नगर चिंगराजपारा निवासी राधिका अड़पेवार की तबीयत गुरूवार को बिगड़ गई, उन्हें ब्रेन हेमरेज के बाद अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार को डाक्टरों ने परिवार की काउंसलिंग कर मरीज को रायपुर स्थित रामकृष्ण अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिवार ने अपोलो हास्पिटल प्रबंधन को इसके लिए लाइफ सपोर्ट सिस्टम के साथ एम्बुलेंस की व्यवस्था करने कहा, जिसमें प्रबंधन ने 12 हजार रुपए चार्ज जोड़ एम्बुलेंस की व्यवस्था कर दी, लेकिन इस एम्बुलेंस में वेंटीलेटर और लाइफ सपोर्ट सिस्टम नहीं था, जिसके बाद परिजनों ने इसमें मरीज को ले जाना उचित नहीं समझा, टेक्नीशियन ने भी इसकी सहमति नहीं दी। इमरजेंसी से मरीज को बाहर निकालकर घंटे भर धूप में रखा गया। इसके बाद दोबारा एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई और बिना सायरन के एम्बुलेंस में मरीज और परिजनों को बैठा दिया गया। यह एम्बुलेंस भी सीपत चौक पर बंद हो गई। ऐसे में मरीज के परिजनों ने एम्बुलेंस को बुलाया और गाड़ी आगे बढ़ी, लेकिन इंजन में लगा फेन बेल्ट टूटने से यह एम्बुलेंस भी रोक दी गई। मरीज के परिजन द्वारा नाराजगी जताए जाने के बाद अपोलो हास्पिटल प्रबंधन ने फिर एक एंबुलेंस की व्यवस्था की, जिसके सहारे करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद मरीज को रायपुर स्थित रामकृष्ण अस्पताल पहुंचाया गया।



### दो साल से चल रही है सर्विस

अपोलो के पीआरओ देवेश गोपाल ने बताया कि एम्बुलेंस सेवा का टेंडर प्रबंधन द्वारा किया गया है, जो चैनल सिस्टम में काम करता है। दरअसल 2 साल पहले अपोलो प्रबंधन ने व्यय देखते हुए एम्बुलेंस सेवा बंद कर दी थी और ठेके पर रेड हेल्थ इमरजेंसी सर्विस को एम्बुलेंस का ठेका दे दिया है।

# 300 एकड़ जमीन के लिए जलाएंगे 300 दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एयरपोर्ट विस्तार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान खींचने के लिए समिति ने अनूठे आंदोलन की घोषणा की है।

■ **संघर्ष समिति का अनूठा आंदोलन**

बिलासा बाई केंवट एयरपोर्ट को 4सी एयरपोर्ट में बदलने के लिए केंद्र सरकार से 300 करोड रुपए के अनुदान की मांग और रनवे विस्तार के लिए सेना के कब्जे वाली जमीन में से 300 एकड़ जमीन एयरपोर्ट प्रबंधन को देने की मांग की है। इस ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान खींचने के लिए हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एकदम अनूठे आंदोलन की घोषणा की है। समिति ने बताया कि शनिवार 29 मार्च की शाम धरना स्थल पर समिति और सहयोगी संगठन 300 दीप प्रज्वलित करेंगे। दियों की संख्या 300 इसलिए ही रखी गई है जिससे कि केंद्र से मांगा गया अनुदान 300 करोड रुपए और रनवे विस्तार के लिए आवश्यक जमीन 300 एकड़ का साफ संदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक जाए। जन संघर्ष समिति ने कहा की समिति का प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री से स्वयं मिलकर ज्ञापन देने इच्छुक है परंतु मांगे जाने पर भी समय नहीं मिल रहा है। जाहिर है प्रधानमंत्री का कार्यक्रम और प्रवास अल्प समय के लिए है और इस दौरान वे अत्यंत व्यस्त रहेंगे। इसके बाद भी समिति यह पूरा प्रयास करेगी कि बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार संबंधी जनहित की मांग उन तक अवश्य पहुंचे। समिति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हजारों करोड रुपए की लागत से बिजली संयंत्र रेल लाइन आदि के शिलान्यास और लोकार्पण के लिए आ रहे हैं। बिलासपुर और छत्तीसगढ़ का अनुभव बताता है कि यह सारे बिजली संयंत्र और रेल प्रोजेक्ट वस्तुत छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा और ऊर्जा को अन्य राज्यों में स्थानांतरित करने के काम आते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य को और बिलासपुर संभाग को इसका कोई विशेष लाभ अभी तक नहीं हुआ है।

### शाम 6 बजे होगा महाधरना स्थल पर दीप प्रज्जलित

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया के दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम शाम 6 बजे महा धरना स्थल पर होगा जबकि सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होने वाला महा धरना यथावत रहेगा। समिति ने नागरिकों युवाओं महिलाओं और सहयोगी संगठनों को आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।

### छुट्टी के दिन भी खुला रहेगा निगम का काउंटर 31 मार्च है टैक्स जमा करने की अंतिम तारीख

**बिलासपुर।** वित्तीय वर्ष के अंतिम तीन दिनों में राजस्व वसूली के लिए नगर निगम ने अभियान तेज कर दिया है। 29, 30 और 31 मार्च को अवकाश के बावजूद नगर निगम के संपत्ति कर का काउंटर खुला रहेगा और टैक्स लिए जाएंगे।

टैक्स जमा करने के निगम मुख्यालय विकास भवन और सभी जोन कार्यालय के काउंटर में इस दौरान टैक्स लिए जाएंगे। निगम के मुताबिक संपत्ति, समेकित समेत सभी प्रकार के टैक्स को जमा करने की अंतिम तारीख 31 मार्च तक है। 31 मार्च तक टैक्स नहीं पटाने पर अर्थदंड लगेगा। निगम प्रशासन ने शहरवासियों से अपील भी की है कि अर्थदंड और असुविधा से बचने के लिए सभी करदाता अपने बकाया टैक्स का भुगतान करें।

नगर निगम के टैक्स के आनलाइन भुगतान के लिए नागरिक निगम द्वारा तैयार किए गए पोर्टल https :// nigam bilaspur. com/ ptis/ पर क्लिक करके अपने बकाया टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। इसके लिए करदाता को पोर्टल में अपनी प्रापर्टी आईडी या नाम अथवा वार्ड नंबर की एंट्री करना होगा।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### गोरखपुर रेलवे स्टेशन में इंटरलाकिंग से ट्रेनें प्रभावित

**बिलासपुर।** गोरखपुर रेलवे स्टेशन में नान इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 12 अप्रैल से 3 मई तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन से चलने वाली चार ट्रेन भी शामिल हैं।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर पूर्व रेलवे गोरखपुर के लखनऊ रेल मंडल अंतर्गत गोरखपुर स्टेशन से गोरखपुर कैंट के बीच तीसरी लाइन को और गोरखपुर स्टेशन से लाइन को जोड़ने का कार्य करने के लिए नान इंटरलाकिंग किया जाएगा। यह कार्य 12 अप्रैल से शुरु होकर 3 मई तक चलेगा, जिसके कारण दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन से चलने वाली गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इन ट्रेनों में 24 अप्रैल एवं 1 मई तक दुर्ग से रवाना होने वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस, 26 अप्रैल और 3 मई को नौतनवा से रवाना होने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस, 25 अप्रैल एवं 3 मई को दुर्ग से रवाना होने वाली 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस और 27 अप्रैल व 5 मई को नौतनवा से रवाना होने वाली 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस को रद्द किया जाएगा।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

28 -MAR--REGNOL-pg-3 ALTER_Layout 1 3/28/2025 11:25 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### भागवत कथा जीवन की व्यथा को दूर करने वाली: पं रोहिणी



**तखतपुर।** श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन ढनढन के सुनील कौशिक के निवास पर आयोजित किया जा रहा है। कथा वाचक पं रोहिणी कुमार पाण्डेय ने कथा विस्तार करते हुए कहा कि श्रीमद भागवत की कथा व्यक्ति के जीवन की व्यथा को दूर करने वाली है। केवल इस कथा के श्रवण से कुछ नहीं होता, जब तक व्यक्ति कथा श्रवण करते हुए अपना ध्यान भगवान के चरणों में न लगाए। इस कथा में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, प्रमोद नायक, जितेंद्र पाण्डेय, शिवबालक कौशिक, अजय देवांगन, हरविंदर हूरा, अभिषेक पाण्डेय, चंद्रप्रकाश देवांगन, शैलेंद्र निर्मलकर, रमन हूरा, अनिल कौशिक, सुनील कौशिक, बबलू गुप्ता, सुनील जांगड़े, राजू ठाकुर, ज्ञानू देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### निशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग कक्षाओं का शुभारंभ



**मुंगेली।** डॉ भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ से संबंद्ध डॉ ब्रास मास्टर की एकेडमी द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर जेईई, नीट, बीएससी नर्सिंग परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए 45 से 75 दिवसीय निशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग का शुभारंभ किया गया। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने कहा कि आवासीय सुविधा के साथ निशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराना जिले के लिए एक उपलब्धि है। जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के सौजन्य से आगे चलकर जिले को कोचिंग हब के रूप में विकसित करना संस्थान का लक्ष्य है। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी एवं सदस्य जगदीश कांत, राजेश दिवाकर, जितेन्द्र कुमार संस्था के प्राचार्य आशा दिवाकर, उपप्राचार्य छत्रपाल डाहिरे तथा कोचिंग टीम के सदस्य, छात्र-छात्रा, अभिभावकगण एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### गरीबों के लिए वरदान मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना: नरेश



**जरहागांव।** रोटी, कपड़ा मकान के बंदोबस्त में परेशान गरीब तबके के लोगों के लिए अपने बच्चों की अच्छे से शादी करना एक सपने जैसा लगता है। उनके सपनों को साकार करने का काम प्रदेश सरकार ने किया है। ग्राम ठकरीकापा के सरपंच प्रतिनिधि बंटी जायसवाल ने अपने गांव के युवक-युवतियों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत हो रहे सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विवाह करने को प्रेरित किया, जिससे कई युवक-युवतियां विवाह के पवित्र बंधन में बंधे। विवाह के दौरान नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल, पार्षद प्रतिनिधि विजय दीवान, सरपंच प्रतिनिधि नागेश्वर बंटी जायसवाल ने नव दंपतियों को आशीर्वाद के साथ उपहार प्रदान किया।

### रामप्रसाद बने लोरमी परिक्षेत्र पटेल समाज के उपाध्यक्ष



**लोरमी।** परिक्षेत्र हरदिहा में पटेल समाज के पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ, जिसमें लोगों ने रामप्रसाद पटेल को हरदिहा पटेल समाज के लोरमी परिक्षेत्र का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। रामप्रसाद पटेल फिलहाल लोरमी विधानसभा एनएसयूआई के उपाध्यक्ष पद पर हैं। पटेल समाज ने रामप्रसाद पटेल को छोटी उम्र में समाज का दायित्व सौंपा है। इस पर रामप्रसाद पटेल ने कहा कि मेरे ऊपर समाज के लोगों ने भरोसा जताया है, मैं अपने दायित्वों का निर्वहन करूंगा और समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।

### जन्म–मृत्यु पंजीयन की प्रक्रिया सरल बनाने जागरूकता अभियान

**मुंगेली।** जिले में जन्म–मृत्यु पंजीयन की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन संशोधित अधिनियम 2023 के तहत अब पंजीयन के बाद डिजिटल प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। इस प्रक्रिया के तहत जिस स्थान पर जन्म या मृत्यु की घटना घटित हुई है, उसी स्थान के रजिस्ट्रार द्वारा पंजीयन किया जाएगा और आवेदकों को डिजिटल प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जिले के सभी शासकीय अस्पतालों के प्रभारी, नगरपालिकाओं एवं नगर पंचायतों के सीएमओ, और ग्राम पंचायतों के सचिव को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है।

## विश्व क्षय दिवस पर विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# टीबी मुक्त 34 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर मंगलवार को गौरेला की ग्राम पंचायत अंधियार खोह की मिडिल स्कूल में जिला प्रशासन के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टीबी मरीजों के साथ अन्य की बीमारियों की भी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई एवं उपचार कर दवा का वितरण किया गया।

इस अवसर पर टीबी मुक्त 34 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें आमागांव, लमना, पुटा, पिपलामार, लटकोनी, बदरोड़ी, बगरार, चनाडोंगरी, गुदुमदेवरी, कटरा, खुरपा, मड़ई, नाका, रूमगा, सिवनी, आमगांव, आमाडोब, चुकतीपानी, झगराखांड, केंवची, कोटमीखुर्द, लमना, टीकरखुर्द, उमरखोही, लटकोनी, देवरीखुर्द, घाटबहरा, मुरमुर, पीथमपुर, मेंढुका, निमधा, पीपरडोल, पीपरिया एवं टीकठी ग्राम पंचायत शामिल हैं। इस अवसर पर कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि सभी को स्वस्थ रहना चाहिए, स्वस्थ रहने का सभी को अधिकार है। उन्होंने कहा कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। भारत सरकार द्वारा टीबी मुक्त देश बनाने के लिए स्वास्थ्य अमले एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जिले को टीबी मुक्त जिला बनाना है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लेने का आग्रह भी किया। जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा ने कहा कि बड़े सौभाग्य की बात है कि अंधियार खोह में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा टीबी रोग के साथ ही हड्डी, शिशु, नेत्र, कुष्ठ, स्त्री रोग की जांच एवं उपचार किया गया। साथ ही शुगर, बीपी, एचआईवी, ईसीजी आदि का भी जांच कर आवश्यकतानुसार परामर्श एवं दवा दी गई। उन्होंने शिविर के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। नगरपालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में विस्तार हो रहा है। जिला बनने से पहले वनांचल क्षेत्रों में दवाइयों के अभाव में मरीजों की मृत्यु हो जाती थी, लेकिन अब समय के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए और उसका लाभ भी मिलना चाहिए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर ने भी शिविर को संबोधित किया।



सरपंचों का सम्मान करते अफसर।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा और टीबी उन्मूलन के जिला नोडल अधिकारी डॉ जोहन सिंह कंवर ने टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों के समन्वय से किए जा रहे कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शिविर में टीबी मरीजों को पोषण किट एवं वृद्धजनों को वॉक स्टिक प्रदान किया गया। शिविर में नगरपालिका परिषद गौरेला की उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, जिला पंचायत सदस्य पवन पैकरा, श्याममणि राठोर, पूर्णिमा पैकरा, गणमान्य नागरिक तापस शर्मा, राजकुमार रोहिणी, संतोष तिवारी, ज्ञानेन्द्र उपाध्याय, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, स्वास्थ्य अमला एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। शिविर में अपना सहयोग देने के लिए सिविल सर्जन डॉ देवन्द्र पैकरा ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## हर सप्ताह होगी शहर के तालाबों की सफाई: जालान



■ पेंड्रा में स्वच्छता को लेकर सजगता अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

पेंड्रा नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने स्वछता अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सीएमओ अमल दीप मिंज एवं पार्षद के साथ मिलकर शीतला सरोवर तालाब की सफाई की।

इस अवसर पर राकेश जालान ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत हर सप्ताह एक तालाब की सफाई की जाएगी, जिससे हर तालाब साफ सुथरा रहे और इस गर्मी में लोगों को दैनिक उपयोग हेतु व पशुओं को पीने योग्य साफ सुथरा पानी मिल सके। स्वच्छ तालाब, स्वच्छ शहर का नारा- नगर पालिका अध्यक्ष ने इस सफाई अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि हमारा मकसद शहर के सभी तालाबों को साफ और स्वच्छ रखना है। इसलिए हमने इस स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ तालाब स्वच्छ शहर का नारा दिया है। आम लोगों से भी अपील है कि हमारे इस अभियान से जुड़ें और निस्वार्थ भाव से शहर के सभी तालाबों को स्वच्छ बनाने में हमारा साथ दें। सफाई अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान, नगर पालिका सीएमओ अमलदीप मिंज, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल सिंह उबोवेजा, पार्षद अरुणा गणेश जायसवाल, आयुष्मान शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए दिशा–निर्देश

**मुंगेली।** जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए हीट वेव या लू चलने की आशंका बनी हुई है, जिसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव एवं स्वस्थ रहने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र प्रभाकर ने बताया कि गर्मी के मौसम में तापमान में वृद्धि के कारण लू लगने की आशंका रहती है।

## बोर्ड परीक्षाओं के लिए मूल्यांकन प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 2025 का गुणवत्ता युक्त मूल्यांकन प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम 26 मार्च को मूल्यांकन केंद्र पीएमश्री बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में संपन्न हुआ। पीएमश्री बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में विशेष रूप से जिला शिक्षा अधिकारी चंदकुमार घृतलहरे के मार्गदर्शन एवं मूल्यांकन केंद्राधिकारी पीसी दिव्य, जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में जीतेन्द्र कुमार बावरे, सहायक मूल्यांकन केंद्र अधिकारी राजेन्द्र सिंह, सभी विषय के मुख्य परीक्षक उप मुख्य परीक्षक, वरिष्ठ मूल्यांकनकर्ता उपस्थित थे। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स राजेन्द्र सिंह एवं दिनेश कुमार के द्वारा गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित मूल्यांकन हेतु प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। मूल्यांकन केंद्र में मूल्यांकन कार्य 26 मार्च से 17 अप्रैल तक पूरा किया जाना है। इसके तहत प्रथम चरण में इस मूल्यांकन केंद्र में लगभग 75 हजार उतर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना है।



## डीएवी स्कूल में परीक्षा परिणाम की घोषणा,1 अप्रैल से नया सत्र

**लोरमी।** ग्राम कोतरी में डीएवी स्कूल में वार्षिक परीक्षा के परिणाम की घोषणा की गई। कक्षा एलकेजी से कक्षा 7वीं और कक्षा 9 वीं तथा कक्षा 11वीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कक्षा तीसरी में ईशान कश्यप प्रथम, मानस सिंह क्षत्री द्वितीय एवं अंजना साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी में आव्या त्रिपाठी प्रथम, जाह्नवी कश्यप द्वितीय, इन्द्रेश साहू तृतीय, कक्षा 5वीं में पीहू देवी साहू प्रथम, इच्छा ध्रुव द्वितीय, अभय चंद्राकर तृतीय, कक्षा 6वीं में दीपाक्षी प्रथम, आयुष्मान कौशिक द्वितीय, विजयलक्ष्मी तृतीय कक्षा, 7वीं में आकाश कश्यप प्रथम, निलेश कश्यप द्वितीय, रौनक कश्यप तृतीय, 8वीं में हुमेश्वरी साहू प्रथम, प्राची कश्यप द्वितीय, कक्षा 9वीं में नैंनशी सिंह प्रथम, युवराज साहू द्वितीय, विवेक सिंह तृतीय तथा कक्षा 11वीं में आदित्य मानिकपुरी प्रथम, रचना मिश्रा द्वितीय अहाना गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य दीपक कुमार ने परीक्षा परिणाम की घोषणा की। उन्होंने अभिभावकों के सुझाव का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ 1 अप्रैल से किया जा रहा है। नए सत्र में सभी प्रकार की सुविधा बच्चों को प्रदान की जाएगी।



## सेंट जेवियर स्कूल में मोंटेसरी कक्षाओं का ग्रेजुएशन डे

**मुंगेली।** सेंट जेवियर स्कूल में गुरूवार को मोंटेसरी कक्षाओं का ग्रेजुएशन डे समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुंगेली शहर की प्रतिष्ठित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका जांगड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। शाला के प्राचार्य शुभेन्दू मंडल ने बताया कि यह कार्यक्रम मांटेसरी पद्धति की सफलता और बच्चों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं जिज्ञासु बनने की यात्रा को समर्पित था। डॉ प्रियंका ने विद्यालय में आने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे बच्चों को देखकर बहुत प्रसन्न हैं। उन्होंने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों को प्रमाण भी पत्र वितरित किया। उन्होंने विद्यालय के प्रति आभार प्रकट करते हुए अभिभावकों और शिक्षकों को मांटेसरी शिक्षा के सकारात्मक प्रभाव को समझाया व सभी के सम्मिलित प्रयास की आवश्यकता बताते हुए कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में उप प्राचार्य डॉल्फी मंटोरियो ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम बच्चों में सीखने के प्रति लगन और उनके उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।



## स्काउट गाइड द्वारा गर्मी में प्याऊ घर की सेवा सराहनीय: सुजीत

**लोरमी।** स्काउट्स एंड गाइड्स ने जनपद, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात कीय। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने स्कार्फ पहनाकर और पौधा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने सभी विद्यालयों में इस प्रकार की गतिविधि को संचालन करने हेतु सहमति प्रदान की एवं स्काउट गाइड के आगामी कार्यक्रम प्याऊ घर की प्रशंसा की। युवाओं में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, नियोजन एवं साहसिक गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए का सदस्यों द्वारा लोरमी क्षेत्र के वनांचल में राष्ट्रीय एडवेंचर निर्माण के लिए अपना प्रस्ताव रखा गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष ने आश्वासन देते हुए राष्ट्रीय एडवेंचर के लिए उपमुख्यमंत्री से चर्चा कर जमीन एवं राशि की व्यवस्था करने की बात कही एवं सभी स्कूलों में स्काउट गाइड का संचालन करने हेतु हुए दृढ़ संकल्पित हुए। इस दौरान स्काउट गाइड के सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉ अ शो क जायसवाल से भी मुलाकात की। क्षेत्र की सभी विद्यालयों में दल संचालन करने और बच्चों के लिए यूनिफॉर्म की मांग की गई, जिसमें अपने जन्म दिवस पर बच्चों को यूनिफॉर्म प्रदान करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर अमित गुप्ता, सुषमा पांडे, सुभाषिनी राजपूत, गायत्री राजपूत, छलदेवी नवरंग, रामकुमार बघेल, लोकेश कुलमित्र, पुष्पा कुलमित्र आदि मौजूद थे।



### सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन का होली मिलन समारोह



**लोरमी-मुंगेली।** सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन महिला प्रकोष्ठ जिला इकाई टीम अपराजिता द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन सिंह होटल मुंगेली में किया गया। जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ माया सिंह राजपूत की अगुवाई में कार्यक्रम का शुभारंभ परिचय के साथ हुआ एवं इसके बाद सभी शिक्षिकाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षिकाओं द्वारा शेर-शायरी के साथ कविता पाठ भी किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन माया सिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला विंग की जिला अध्यक्ष माया सिंह राजपूत, अंकिता कश्यप, आरती श्रीवास, गरिमा ताम्रकर, अनिता कंवर, दुर्गा उरेठी, विलीन बेन, भारती, वरिशा मंडावी, सुनीता खुसरो, पुष्पा कुलमित्र, मनीषा जगत, मीना, उमा कला मरावी, सुनीता तांडिया सरिता साहू, मंजू बाला, चारु जोशी, राधिका देवांगन, यमुना देवांगन, पुनीता मिश्रा, प्रेमलता मरकामबम्लेश्वरी यादव, ऊषा कुर्रे, सुनीता पाठक, भुवनेश्वरी साहू, उर्वशी शर्मा, रश्मि यादव, किरण, इंदु सिंह सहित सैकड़ों शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## निशुल्क कोचिंग से तैयारी कर बच्चों ने लहराया परचम

**बिल्हा।** संकुल कन्या शाला बिल्हा के शैक्षिक समन्वयक केशव वर्मा के मार्गदर्शन व संरक्षण में जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा के शिक्षक कलेश्वर साहू व राजेश यादव शा स की य प्राथमिक शाला कोटिया द्वारा क्षेत्र के बच्चों की आर्थिक स्थिति व शिक्षा स्तर को ध्यान में रखते हुए नवोदय विद्यालय परीक्षा की तैयारी कराई जाती है गई। इसके तहत विद्यार्थियों को कोचिंग दी गई जिसमें समीक्षा ध्रुव, शेखर राज कोशले, अवनीश श्रीवास, अविनाश वर्मा, दिशा साहू का चयन नवोदय विद्यालय कक्षा छठवीं हेतु हुआ है। इन 5 बच्चों के चयन से उनके माता-पिता व पूरे बिल्हा में उत्साह देखा जा रहा है। बच्चों के लिए समर्पित इन दोनों शिक्षक का कार्य बहुत ही सराहनीय व अनुकरणीय है। केशव वर्मा ने बताया कि हमारी टीम का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा विभाग के सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कलेश्वर साहू ने चयनित बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा कि जिसका चयन नहीं हुआ है उनको मायूस नहीं होना हैं। हमारी कोचिंग के माध्यम जो कुछ सीखा है वह आपके भविष्य में सहायक होगा। राजेश यादव ने कहा सफलता एक दिन का परिणाम नहीं है, इसके लिए निरंतरता जरूरी है।जिले के अधिकारी, शिक्षक, संगठन द्वारा निशुल्क कोचिंग के इस समर्पित कार्य को खूब सराहना मिल रही है।



## ब्लॉक स्तर पर गैप एनालिसिस प्रशिक्षण का आयोजन

# दिव्यांग बच्चे भी शिक्षा पूर्ण करें, यह सबकी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा मुंगेली की ओर से गैप एनालिसिस का प्रशिक्षण ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया गया।

उक्त प्रशिक्षण पथरिया विकासखंड के बीआरसी में आयोजित हुआ, जिसमें विशेष शिक्षा प्रभारी प्रिया यादव ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों को सामने रखा। उनके द्वारा दी गई जानकारी अनुसार प्रशिक्षण में हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल के 30, मिडिल स्कूल के 50, प्राथमिक शाला के 50 शिक्षकों सहित कुल 130 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में शाला त्यागी दिव्यांग छात्रों के चिन्हांकन, शाला में छात्रों का ठहराव, शाला से जुड़ाव, शिक्षको की भूमिका, समावेशी वातावरण निर्माण, निशक्तता अधिकार अधिनियम 2016 पर परिचर्चा, बीआरसी से प्राप्त सुविधा, शासन की योजनाओं में दिव्यागों के लिए अवसर आदि शामिल थे। प्रशिक्षण में समावेशी शिक्षा जिला प्रभारी एपीसी अशोक कश्यप, बीईओ पीएस बेदी, एबीईओ रविपाल राठौर, यतेंन्द भास्कर, एनआर ध्रुव, बीआरसी अशोक यादव, बीआरपी प्रिया यादव ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित किया। प्रशिक्षण में पूर्ण दृष्टि बाधित दिव्यांग छात्र महावीर निषाद, हायर सेकेंडरी स्कूल चुनचुनिया को स्मार्ट फोन, की-बोर्ड एवं ईयरफोन शाला की शिक्षिका पूनम शर्मा के साथ वितरण किया है। साथ ही जगता कांपा से दिव्यांग छात्रा नेहा प्रजापति की माता शांति प्रजापति ने उपस्थित शिक्षकों को बताया कि बच्ची डाउन सिंड्रोम से ग्रस्त थी, उसे शासकीय स्कूल में पढ़ने का लाभ मिला और उसे एमआर किट बीआरसी से प्राप्त हुई। इससे वह-पढ़ लिख रही है एवं बहुत कुछ सीख रही है। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर बीआरपी प्रिया यादव, सीएससी मोहन लहरी ने प्रोजेक्टर, मॉड्यूल, प्रशिक्षण संदर्शिका के माध्यम से प्रशिक्षण दिया।



## 7 मृतकों के वारिसानों को दी जाएगी आर्थिक सहायता

**भर्रीडांड़।** न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत विभिन्न आपदाओं से मृत्यु होने पर 7 मृतकों के निकटतम वारिसानों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

जारी आदेश के अनुसार ग्राम दमदम तहसील सकोला के अभिषेक किंडो की बाड़ी में बनी डबरी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटम वैध वारिसान पिता देवलाल किंडो को 4 लाख रूपए, ग्राम जोगीसार तहसील पेण्ड्रारोड के बड़कू की नाले में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटम वैध वारिसान पुत्र सियाराम को 4 लाख रूपए, ग्राम खम्लीकला तहसील पेंड्रारोड की उमेश्वरी के निकटतम वैध वारिसान पति गयाराम को 4 लाख रूपए, ग्राम दरमोहली तहसील मरवाही का बलिराम के निकटम वैध वारिसान पत्नी प्रेमवती को 4 लाख रूपए, ग्राम गुल्लीडांड़ तहसील मरवाही के वंश पाव के निकटतम वैध वारिसान माता गोमती पाव को 4 लाख रूपए, ग्राम हर्री तहसील पेंड्रारोड की मनिया की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटम वैध वारिसान पति भोलाराम को 4 लाख रूपए और ग्राम विशेषरा तहसील सकोला की जयमंत्री की आग लगने से मृत्यु होने पर उनके निकटम वैध वारिसान पति भारत यादव को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत 4 लाख रूपए स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत राशि वारिसानों के खाते में सीधे लाभ अंतरण डीबीटी के माध्यम से तहसीलदार के द्वारा प्रदान की जाएगी।